# जयपुर स्थापना दिवस पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रतिभाओं को बढ़ाया हौसला

## महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय जयंती सम्मान समारोह एवं जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर।** राजपूत सभा भवन में महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय जयंती सम्मान समारोह एवं जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजपूत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा समाज के उत्कर्ष्ट कार्य करने वाले गणमान्य लोगों को सम्मानित किया**



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजपूत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा समाज के उत्कर्ष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि विधायक देवी सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि रहे।

इस अवसर पर शिक्षा,अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजपूत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा समाज के उत्कर्ष्ट कार्य करने वाले गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने उपस्थित जनसमूह का उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही।अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और ऐसे सम्मान समारोह उन्हें आगे बढ़ने का हौसला देते हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं, इसलिए उन्हें भी समान अवसर और सम्मान मिलना चाहिए।

उन्होंने सभी से विरासत को सुरक्षित रखने और 36 कौम को साथ लेकर आगे बढ़ने की अपील की। साथ ही जयपुर स्थापना दिवस पर शहर को साफ़ और सुरक्षित रखने की सामूहिक जिम्मेदारी पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में राजपूत सभा अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, महामंत्री धीर सिंह शेखावत, संगठन मंत्री अजयपाल सिंह, सहमंत्री पृथ्वी सिंह कालीपहाड़ी, कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह मुंडरू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राज्य के भीलवाड़ा और बाड़मेर जिले सहित सात अन्य जिले पुरस्कृत

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजस्थान के भीलवाड़ा और बाड़मेर जिलो को जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कलेक्टर टीना डाबी और भीलवाड़ा के जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु को पुरस्कार स्वरूप 2 करोड़ रूपये का पुरस्कार प्रदान किया।केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल ने राज्य के अन्य सात जिलों जयपुर और उदयपुर को 1 करोड़ रूपये तथा अलवर, डूंगरपुर, बारां, चित्तौड़गढ़ और सीकर जिलो से आए प्रतिनिधियों को 25 लाख रूपये के पुरस्कार से सम्मानित किया पाटिल ने उदयपुर जिला परिषद की सीईओ सुरिया डाबी को एक-एक करोड़ रूपये सीकर एसई वॉटरशेड रमेश मीना को 25 लाख रूपये के पुरस्कार प्रदान किये।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर नवनियुक्त मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शिष्टाचार भेंट थी।

## इंटरनेशन एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की मॉकड्रिल

**जयपुर।** जवाहर सर्किल इलाके में स्थित इंटरनेशन एयरपोर्ट के टर्मिनल - 2 पर मंगलवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की ओर मॉकड्रिल की गई। जिसके बाद टर्मिनल - 2 पर हड़कंप का माहौल बन गया। लेकिन कुछ बाद ही मॉकड्रिल की जानकारी मिलने के बाद वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। इस मॉकड्रिल में बम की धमकी से बचाव के लिए अभ्यास किया गया। ड्रिल एयरपोर्ट के परिसर में रियल टाइम में बम की धमकी में सर्च कर रिस्पॉन्स टाइम नोट करने के लिए किया गया यह मॉक ड्रिल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल , एयरपोर्ट अफसर, एयरलाइन पार्टनर्स और अन्य हितधारकों की पूर्ण समन्वित भागीदारी में आयोजित की गई। टर्मिनल के अंदर डॉग स्क्वायड तैनात किया गया। जबकि संभावित मॉकड्रिल विस्फोटक के सुरक्षित संचालन में मदद के लिए टीसीवी (खतरा रोकथाम वाहन) तैनात किया गया था।इस अभ्यास का उद्देश्य हमारी निकासी प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना, वास्तविक समय में समन्वय का परीक्षण करना और सभी संबंधित टीमों में संकट-प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करना था।

# यूनिटी मार्च भारत की एकता, अखंडता का प्रतीक : मदन राठौड़

**जयपुर ।** सरदार 150 यूनिटी मार्च की प्रदेश कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश प्रभारी, राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद डॉ राधामोहन दास अग्रवाल ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, योगदान और राष्ट्र-निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।

डॉ.राधा मोहनदास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में इतिहास के अनेक तथ्य दबाए गए और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को व्यवस्थित रूप से कम करके दिखाया गया। सरदार 150 यूनिटी मार्च का उद्देश्य सरदार पटेल के व्यक्तित्व, उनके राष्ट्र एकीकरण के प्रयासों और उनके वास्तविक ऐतिहासिक योगदान को देश तक पहुँचाना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने रियासतों का सफल एकीकरण कर एक भारत की नींव रखी। यह यूनिटी मार्च उसी एकता, अखंडता और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। राजस्थान से निकलने वाली गंगा प्रवाह और यमुना प्रवाह का प्रदेशभर में भव्य स्वागत किया जाएगा और प्रतिभागियों को राजस्थान की संस्कृति, परंपरा और आतिथ्य की यादगार अनुभूति कराई जाएगी।

**■ 26 नवंबर को यमुना प्रवाह जयपुर से होगी रवाना, अजमेर, पाली, जोधपुर, सिरोही होते हुए जाएगी गुजरात : जितेंद्र गोठवाल**

कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक जितेंद्र गोठवाल ने यूनिटी मार्च की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए बताया कि गंगा प्रवाह 22 नवंबर को नई दिल्ली से रवाना होकर उसी दिन अलवर पहुंचेगी। अलवर से कोटा, उदयपुर होते हुए यह गुजरात में प्रवेश करेगी। यहां अलवर में पौधारोपण, योग कार्यक्रम, कोटा में कोचिंग संस्थानों में संवाद, उदयपुर में योग, पौधारोपण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

गोठवाल ने बताया कि 26 नवंबर को जयपुर में यमुना प्रवाह को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 26 नवंबर को दिन में कॉलेज संपर्क अभियान, रात्रि में पुष्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह, 27 नवंबर को अजमेर में योग, छात्र परिसर संपर्क, पौधारोपण, रात्रि में जोधपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, 28 नवंबर को जोधपुर में मेहरानगढ़ किला अवलोकन, पाली के लिए प्रस्थान, रात्रि में माउंट आबू में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भ्रमण, 29 नवंबर को आबू से गुजरात के आणंद के लिए प्रस्थान किया जाएगा।

## एक बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने रामनगरिया थाना इलाके में ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपित के पास से एक पिस्टल जब्त किए हैं। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी ने पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन के तहत रामनगरिया थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए सूर्य प्रताप सिंह हाल जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# जेजेएस एग्ज़ीबिटर्स मीट का आयोजन

**जयपुर।** जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) 2025 के लिए राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में एग्जीबिटर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ज्वैलर्स उपस्थित रहे और आगामी शो को लेकर काफी उत्साहित दिखे। मीट में 350 से अधिक एग्जीबिटर्स ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जेजेएस की थीम कलर्ड जेमस्टोन्स है। इस मेगा ज्वैलरी शो का 21वां वर्ष इस बार 19 से 22 दिसंबर तक सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाला है।

**■ मीट में 350 से अधिक एग्जीबिटर्स ने भाग लिया**

जेजेएस के मानद सचिव, राजीव जैन ने एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कार्यक्रम का नए लेआउट और साथ ही एग्जीबिटर्स और विजिटर्स को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जैन ने जेजेएस की उल्लेखनीय यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि शो ने 67 बूथों से शुरू होकर आज 1225 बूथों का आकार ले लिया है, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। जेजेएस में इस वर्ष 700 से अधिक एग्जीबिटर्स भाग ले रहे हैं, वहीं पिंक क्लब में बी2बी इंटरेक्शन के लिए 74 बूथ होंगे। इसके अतिरिक्त, जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल (जेजेडीएफ) के अंतर्गत 67 बूथ्स होंगे। उन्होंने आगे जानकारी दी कि जेजेएस का उद्घाटन मुख्य अतिथि जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका, इंक. (जीआईए) के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रीतेश पटेल द्वारा किया जाएगा।

## कनकपुरा स्टेशन पर मालगाड़ी की कपलिंग टूटी

**जयपुर।** झोटवाड़ा इलाके में स्थित कनकपुरा रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार शाम को चलती मालगाड़ी की अचानक से कपलिंग टूट गई। जिसके चलते मालगाड़ी ट्रेक पर काफी देर खड़ी रहीं। गनीमत रहीं की पीछे वाली ट्रेन ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम के कारण अपने आप रुक गई। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मालगाड़ी की कपलिंग टूटने से पांच -छह ट्रेनें प्रभावित हुई।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आरपीएफ कनकपुरा के चौकी प्रभारी हरी सिंह गुर्जर स्टाफ के साथ सुरक्षा व्यवस्था के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक को सुचारु करने का काम शुरू किया। ट्रैफिक कंट्रोल टीम ने तुरंत दूसरी लाइन से ट्रेनों को निकालने की व्यवस्था की, ताकि रूट पूरी तरह ब्लॉक न हो। ट्रेनों को सिंगल लाइन के जरिए पास किया गया। तुरंत प्रभाव से कपलिंग को जोड़कर मालगाड़ी को रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि इस रूट पर ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम है, इसलिए लाइन पर खड़ी मालगाड़ी को देखते ही पीछे से आने वाली दूसरी ट्रेनें खुद रुक गईं। साथ ही उनका सिग्नल ब्लॉक हो गया।

# मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को उचित दरों पर मिलेगा पौष्टिक भोजन

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश के मेडिकल कॉलेज एवं इनसे सम्बद्ध अस्पतालों में आधारभूत व्यवस्थाओं के साथ समग्र रूप से सुदृढ़ीकरण के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी एवं संबद्ध चिकित्सा महाविद्यालयों में मेस एवं कैंटीन सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने हेतु 12-सूत्रीय दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं, जिनसे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल एवं संबद्ध अस्पतालों में स्वच्छ, किफायती, पौष्टिक एवं छात्र-केन्द्रित भोजन व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कैंटीन संचालन हेतु 12-सूत्रीय दिशा-निर्देशों की यह पहल भोजन गुणवत्ता में सुधार, नियमित समय पर निर्माण, स्वच्छता, सही कीमतें एवं उचित प्रबंधन में कारगर साबित होंगी। उन्होंने बताया कि कैंटीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान से छात्रों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। साथ ही, इससे इनके मनोबल एवं पढ़ाई पर भी सकारात्मक असर होगा। इससे राज्य के 20 हजार से अधिक चिकित्सा छात्रों के लिए स्वस्थ, तनावमुक्त वातावरण सुनिश्चित होगा।

**■ कैंटीन सुविधाओं के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी**

शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा अम्बरीष कुमार ने बताया कि कैंटीन संचालन के संबंध में ये आदेश जयपुर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर सहित सभी जिलों के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्राचार्यों एवं नियंत्रकों को जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन निर्देशों के अनुसार सभी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं छात्रावासों में शहरी-ग्रामीण संदर्भ के अनुसार तत्काल मेस एवं कैंटीन व्यवस्था स्थापित किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था तत्काल लागू की जाएगी।

दिशा निर्देशों के अनुसार कैंटीन में स्वच्छ रसोई, सुरक्षित पेयजल, अपशिष्ट प्रबंधन, बैठने की पर्याप्त जगह एवं बर्तन के साथ नियमित स्वच्छता ऑडिट अनिवार्य किया गया है। छात्र-शिक्षक-प्रशासन की संयुक्त समिति मेन्यू निर्धारण करेगी।निर्देशों के अनुसार संयुक्त समिति द्वारा खाद्य पदार्थों की उचित दरें अनुमोदित की जाएंगी। साथ ही किसी भी प्रकार की मनमानी वृद्धि नहीं की जा सकेगी। कैंटीन में पारदर्शी शुल्क संग्रहण एवं लेखा-जोखा रखना अनिवार्य होगा। कैंटीन हेतु पारदर्शी ई-टेंडर से चयन, वार्षिक नवीनीकरण, प्रदर्शन आधारित मूल्यांकन आदि किया जाएगा। साथ ही नियमों एवं गुणवत्ता में उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान होगा।

## शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स को मिला बेस्ट रूरल टूरिज्म अवॉर्ड



भाजपा नेत्री एवं शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स की निदेशक रानी रत्ना कुमारी ने पुरस्कार ग्रहण किया।

**जयपुर।** जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स को बेस्ट रूरल टूरिज्म इनसेंटिव अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजस्थान की समृद्ध ग्रामीण विरासत, राजसी आतिथ्य परंपरा और सतत एवं जिम्मेदार पर्यटन के क्षेत्र में शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स के निरंतर प्रयासों और उत्कृष्ट योगदान का प्रतीक है।

कार्यक्रम में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भाजपा नेत्री एवं शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स की निदेशक रानी रत्ना कुमारी ने ग्रहण किया। उन्हें यह सम्मान राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी द्वारा प्रदान किया गया।

रानी रत्ना कुमारी शाहपुरा ने फर्स्ट इंडिया न्यूज़, सम्मानित ज्यूरी सदस्यों तथा राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और भविष्य में भी वे राजस्थान की ग्रामीण संस्कृति और पर्यटन को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## सार-समाचार

### पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास से मुलाकात की



**जयपुर।** राज निजी सहायक संवर्ग महासंघ के पदाधिकारियों ने राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से उनके कार्यालय में मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश जैन, प्रदेश महामंत्री पृथ्वी सिंह राठौड, प्रदेश संगठन मंत्री मोतीलाल गुर्जर, निजी सहायक महेश शर्मा, विकल्प मिश्रा, दिनेश कुमार, अमित शर्मा उपस्थित रहे।

### सेमिनार का आयोजन

**जयपुर।** युवा दृश्य कथाकारों को प्रेरित करने और उनके कौशल को निखारने के उद्देश्य से इमैजिन फोटो जर्नलिस्ट सोसाइटी ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 11वें जयपुर फोटो जर्नलिज़्म सेमिनार का आयोजन किया। एक दिवसीय इस आयोजन में फोटो जर्नलिज़्म, मीडिया, सरकार, सिनेमा और सामाजिक नेतृत्व से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने शिरकत की। सेमिनार में जयपुर के विभिन्न संस्थानों से आए मीडिया विद्यार्थियों और फोटोग्राफी उत्साहियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं के रूप में शामिल थे-गुरिंदर ओसान, फोटो एडिटर, पीटीआई; पुरुषोत्तम दिवाकर, अंतरराष्ट्रीय फोटो जर्नलिस्ट एवं डॉक्यूमेंट्री फ़ोटोग्राफ़र; ऋतु शुक्ला, अतिरिक्त महानिदेशक, पीआईबी एवं सीबीसी, जयपुर; अंशुमन शास्त्री, निदेशक, सेंटर फॉर आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, बनस्थली विद्यापीठ; शेखर घोष, फ़िल्ममेकर, फोटो एडिटर एवं विज़ुअल स्टोरीटेलिंग कंसल्टेंट; नीरू यादव, सरपंच, लम्बी आहिर; रवि यादव, अभिनेता, लेखक एवं निर्माता; और हेमजीत मलू, निदेशक, वीणा म्यूजिक।

### बिजली चोरी के 10 मामले पकड़े

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को चौमू तथा सांगानेर ग्रामीण क्षेत्र में गहन सतर्कता जांच कार्यवाही की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा एवं अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बी.एल.शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता (सतर्कता) चौमूं महिपाल धायल ने कालाडेरा, घीनोई, रेनवाल व गोविन्दगढ़ में 25 परिसरों की सतर्कता जांच की। इसमें से 2 दुकानों व 5 घरेलू परिसरों में विद्युत चोरी की जा रही थी। जिस पर 7 वीसीआर भरी गई और करीब 7 लाख का जुर्माना लगाया गया है। अधिशाषी अभियंता (सतर्कता-नोडल ऑफिसर) के.सी.गुप्ता द्वारा सांगानेर के सिरोली क्षेत्र में सतर्कता जांच के दौरान 3 घरेलू परिसरों में एल.टी. लाईन पर अवैध आंकडे डालकर की जा रही विद्युत चोरी को पकड़ा गया, जिस पर 3 वीसीआर भर कर करीब 3 लाख का जुर्माना लगाया गया है। सभी प्रकरणों में उपभोक्तों को जुर्माना राशि जमा करवाने के लिए नोटिस जारी कर दिये गये है। तय समय में जुर्माना राशि जमा नहीं करवाने पर विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जावेगा।

### सड़को पर पटाखों की आवाज निकालने वाले साइलेंसरों को किया नष्ट

**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस ने बाइकों में पटाखों की तेज आवाज निकालने वालों मनचलों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक जब्त उसने साइलेंसर खुलवाए और बुलडोजर की मदद से उन्हे नष्ट कर दिया। पुलिस के इस विशेष अभियान की स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजराज ने बताया कि पुलिस ने विशेष अभियान के तहत बुलेट बाइकों में तेज आवाज के साइलेंसर लगाकर सड़कों पर हुडदग मचाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया । मंगलवार को पुलिस ने तेज आवाज में हॉर्नर बजाने व पटाखों की आवाज निकालने वाले दुपहिया वाहनों को जब्त किया।

# जल संचयन और जनभागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**जयपुर/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और प्रथम जल संचय और जन भागीदारी पुरस्कार को प्रदान किये। पुरस्कार समारोह में जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति ने राजस्थान को देश में तृतीय स्थान हासिल करने पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। राज्य सरकार की ओर से यह पुरस्कार राजस्थान सरकार जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त सचिव और मुख्य अभियंता भुवन भास्कर ने ग्रहण किया।

**■ पुरस्कार समारोह में जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति ने राजस्थान को देश में तृतीय स्थान हासिल करने पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया**



राजस्थान सरकार जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त सचिव और मुख्य अभियंता भुवन भास्कर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

राष्ट्रपति के हाथों राजस्थान को मिले इस पुरस्कार पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि यह राजस्थान के लिए गौरव का क्षण है। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने भी गर्व व्यक्त करते हुए जल संसाधन विभाग, जिला प्रशासन तथा स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद भुवन भास्कर ने कहा कि राजस्थान में जल संचय और संरक्षण के क्षेत्र में किए गए नवाचार, वर्षाजल संचयन संरचनाएं, भू-जल पुनर्भरण प्रयास तथा जन सहयोग आधारित मॉडल की राष्ट्रीय स्तर पर विशेष प्रशंसा प्राप्त हुई।

उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार राजस्थान की जनता और प्रशासन के मिल-जुलकर किए गए समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि जल संचयन और जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत छोटे-बड़े जल संरचना निर्माण, वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं, जिनमें आम जनता की सक्रिय भागीदारी रही है।

कर्मभूमि से मातृभूमि जैसी अभिनव पहल के माध्यम से जहां राज्य के बाहर बसे प्रवासी व्यापारी वर्ग ने भी अपने मातृस्थान के जल संचयन के कार्यों में योगदान दिया, वहीं स्थानीय प्रशासन की निगरानी और निरंतर प्रयासों ने इस सफलता को संभव बनाया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान राजस्थान के जल संरक्षण मॉडल को देश के सामने एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में पेश करता है और आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि जल संकट से निपटने में प्रदेश और देश को सहायता मिल सके।

# 'विरासत को संभालकर ही भविष्य मजबूत होगा'

**जयपुर ।** गुलाबी नगर की 298वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जयपुरवासियों के नाम एक विशेष संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि जयपुर सिर्फ इमारतों, चौक-चौराहों और बाजारों का शहर नहीं, बल्कि राजस्थान की पहचान, संस्कृति और गौरव का जीवंत स्वरूप है। इसलिए इसे स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखना हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

खर्रा ने कहा कि जिस शहर की नींव महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने अपनी दूरदर्शिता से रखी थी, उसकी जिम्मेदारी आज हमारे हाथ में है। हवामहल, आमेर किला और जंतर-मंतर जैसी विश्वविख्यात धरोहरें सिर्फ स्मारक नहीं, बल्कि राजस्थान के स्वाभिमान की पहचान हैं। इन्हें संभालना और आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुँचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

खर्रा ने अपील की कि शहर की सफाई को सिर्फ सरकारी काम न समझा जाए।

उन्होंने कहा, जब जयपुर का हर कोना साफ रहेगा तो दुनिया को दिखेगा कि हम अपनी विरासत से कितना प्रेम करते हैं। उन्होंने कचरे के उचित निपटान, पानी की बचत और पर्यावरण संरक्षण को शहर का भविष्य सुरक्षित करने वाला कदम बताया।

**■ स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने खर्रा ने अपील की कि शहर की सफाई को सिर्फ सरकारी काम न समझा जाए**

खर्रा ने जयपुर के विकास, हरियाली और सौंदर्यीकरण में आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का आा ान करते हुए कहा कि स्थापना दिवस पर हर जयपुरवासी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह शहर को देश के सबसे स्वच्छ और आकर्षक शहरों में शामिल करने के लिए अपना योगदान देगा।

अंत में खर्रा ने जयपुरवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सामूहिक प्रयासों से गुलाबी नगर आने वाले वर्षों में प्रगति और सौंदर्य का एक नया मानक स्थापित करेगा।